आईआईएम रांची के नए कैंपस में नवनिर्मित सभागार का सांसद परिमल नाथवाणी ने किया उद्‌घाटन

रांची | आईआईएम रांची के नए कैंपस में नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन सांसद परिमल नाथवानी ने किया। वातानुकूलित सभागार 650 लोगों की क्षमता वाला है। आधुनिक आईटी तकनीक और ऑडियो-विडियो सुविधा से लैस है। परिमल नाथवानी ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है। मेरे मेंबर ऑफ पार्लियामेंट लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड से 13.56 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 40,000 वर्गफुट में फैले हुए इस ऑडिटोरियम की क्षमता 650 लोगों की है। कहा कि सेमिनार हॉल शैक्षणिक विश्व और कॉर्पोरेट को जोड़ने का काम करेगा।

Dainik Bhaskar, 15.12.2020, Pg. 05